Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 14-12-2005
Participants : Chatterjee Shri Somnath,Handique Shri Bijoy Krishna,Singh Kunwar Rewati Raman

>

Title : Regarding supply of sub-standard milk in Delhi from adjoining districts.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। महोदय, हमने जो विाय उठाया है, यह अत्यंत गंभीर है। दिल्ली में हजारों लीटर अडल्ट्रेटेड, मतलब आर्टीफिशल दूध, इस तरह के केमिकल्स उसमें मिलाते हैं, जो इतने हानिकारक हैं कि बच्चों से लेकर बड़ों तक, चाहे एडल्ट हों या ओल्ड़ हों, सब उससे प्रभावित होते हैं। यह धंधा पिछले कई सालों से चल रहा है। ये उसमें फैट, एसिड एवं सोडा आदि कई तरह के केमिकल्स मिला देते हैं, जिसे पीने से स्वास्थ्य को बड़ा नुकसान होता है। दिल्ली, राजस्थान, गुजरात एवं कई प्रदेशों से इस तरह का दूध आ रहा है। यह धंधा धड़ल्ले से चल रहा है और लाखों लीटर दूध आ रहा है। इसके दो कारण हैं कि उसमें जो पनीशमेंट है, वह मात्र छ: महीने की जेल की सजा या एक हजार रुपए जुर्माना है। इस तरह से यह धंधा कभी बंद होने वाला नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे आग्रह करूंगा कि आप सरकार को निर्देश दें कि जो ऐसे हानिकारक तत्व उसमें मिलाते हैं, उन पर कार्यवाही करें और जो लोग पकड़े जाएं, उन्हें कम से कम दस साल की सज़ा होनी चाहिए।

MR. SPEAKER: I hope the Government would have taken note of this very serious matter. Please see to it that whoever is the concerned Minister should try to make a statement.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI BIJOY HANDIQUE): Yes.

MR. SPEAKER: Hon. Member, thank you for raising this issue.